# कार्यालय

## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा)

(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत स्वायत्तशासी संस्थान)
शंकरपुर कृषि प्रक्षेत्र, बड़कागाँव रोड, हजारीबाग - 825301
Website : atmahazaribag.org , E.Mail : atma_hazaribag@rediffmail.com

**एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना।**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) हजारीबाग द्वारा एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत अंकित अहर्ता एवं अनुभव के आधार पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु निम्नांकित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:—

| क्र० सं० | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | अपेक्षित अनुभव | नियुक्ति का प्रकार | अनुबंध अवधि | एकमुश्त मासिक परिलब्धि (रू०में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) (योजना मद) | Post Graduate in Agriculture/Allied sector with computer skills or Agri-Graduates with atleast 5 years working experience as ATM. | Minimum 02 years field experience in agriculture related activities | संविदा आधारित | एक वर्ष | Consolidated Rs. 30000/- Per Month (An annual increase of 05% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) (योजना मद) | Graduate/Post Graduate in Agriculture/Allied sector | Minimum 01 year experience in agriculture related activities | संविदा आधारित | एक वर्ष | Consolidated Rs. 25000/- Per Month (An annual increase of 05% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |

प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक / सहायक तकनीकी प्रबंधक की श्रेणीवार रिक्तियाँ

| क्र० सं० | पदनाम | अनारक्षित (Gen) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग EWS | अनुसूचित जनजाति (ST) | अनुसूचित जाति (SC) | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (BC-1) | पिछड़ा वर्ग (BC-2) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) | 01 | 01 | 00 | 02 | 03 | 01 | 08 |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) | 11 | 03 | 01 | 08 | 02 | 02 | 27 |

**शर्तें :—**

1. विज्ञापित पद संविदा आधारित है एवं प्रारंभिक एक वर्ष के लिए है, जिसे प्रत्येक वर्ष Performance Appraisal Report के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।
2. प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक पद हेतु शैक्षणिक योग्यता के लिए 50 अंक (B.Sc. Agriculture/Allied sector–30 अंक, M.Sc. Agriculture/Allied sector– 10 अंक, PGDAEM– 10 अंक) कम्प्यूटर की जानकारी–20 अंक (Excel–5, Power point– 5, Word–10), कार्य अनुभव 20 अंक (At least 1 Year experience in concerned discipline – work under Govt-sector 4 marks for each year, Semi Govt- sector 4 marks for Two years and in private sector 4 marks for Three years) एवं आत्मा / समेति में 02 वर्ष या उससे अधिक के अनुभव के लिए विशेष अधिभार (Special weightage) हेतु 10 अंक निर्धारित है और मेधा सूची इसी आधार पर तैयार की जाएगी।
3. सहायक तकनीकी प्रबंधक पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 60 अंक (Intermediate–10 अंक, B.Sc. Agriculture /Allied– 35 अंक, M.Sc. Agriculture/Allied– 15 अंक) कम्प्यूटर की जानकारी के लिए 30 अंक (Excel–10, Power point– 5, Word–15) और आत्मा / समेति में 02 वर्ष या उससे अधिक के अनुभव के लिए विशेष अधिभार (Special weightage) हेतु कुल 10 अंक निर्धारित है और मेधा सूची इसी आधार पर तैयार की जाएगी।

4. F-No-3-3/2017--EM Government of India, Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Department of Agriculture, Co-operation & Farmers Welfare (Directorate of Extension) Krishi Vistar Bhawan Pusa New Delhi 110012, Dated January 1, 2018 के द्वारा Agriculture/Allied Subjects के अन्तर्गत यथा Agriculture, Horticulture, Agricultural Engineering, Dairy Technology, Forestry, Veterinary & Animal Science, Food Technology, Bio Technology, Fisheries, Sericulture, Home/Community And Food Nutrition & Dietetic as Professional Degree Courses विषयों को ही समाहित किया गया है।
5. प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक पद के लिए Indian Council of Agricultural Research (ICAR) से मान्यता प्राप्त University/Institute से निर्गत degree मान्य होगा।
6. उक्त दोनों पदों पर चयन हेतु कुल पूर्णांक–100 अंक होगा तथा अहर्त्ता हेतु Cut off Marks अनारक्षित वर्ग के लिए–50 अंक एवं आरक्षित वर्ग हेतु 40 अंक का होगा।
7. चयनित अभ्यर्थी को परियोजना निदेशक, आत्मा के साथ संविदा एकरारनामा करना होगा।
8. चयनित अभ्यर्थियों का संविदा एकरारनामा की तिथि से संविदा प्रारंभ मानी जाएगी।
9. नियोजन संविदा पर की जाएगी। भविष्य में स्थाई नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
10. योजना / संविदा की अवधि की समाप्ति के पूर्व अग्रिम सूचना दे कर किसी भी समय नियोजन समाप्त की जा सकती है।
11. नियुक्ति में झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत जिला आरक्षण रोस्टर लागू होगा। आरक्षण का दावा करने वाले झारखण्ड के आवेदक का जाति प्रमाण पत्र/EWS प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत मान्य होगा।
12. 01.07.2026 को आधार तिथि मानते हुए उक्त तिथि तक 45 वर्ष से कम उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
13. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्र (यथा अंक पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, कार्यानुभव प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर दक्षता सहित आदि) का स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति निश्चित रूप से संलग्न करेंगे।
14. आवेदक को आवेदन के साथ प्रकाशित शपथ पत्र नमूना नन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर में संलग्न करना आवश्यक होगा।
15. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन स्वीकार किये जायेंगे तथा आवेदन पत्र का लिफाफा के उपर आवेदित पद का नाम आवश्यक रूप से अंकित किया जाय।
16. गलत, अपूर्ण संलग्न कागजात एवं अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा।
17. आवेदक को कार्य अनुभव का लाभ लेने के लिए अपने अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना Bank Statement एवं Pay Slip (नियोक्ता द्वारा जारी) भी संलग्न करना आवश्यक होगा।
18. उक्त दोनों पदों के लिए प्राप्त आवेदन के विरुद्ध संकलित सूची जारी की जायेगी जिसमें अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का अनापत्ति / त्रुटि निराकरण हेतु निर्धारित समय दिया जायेगा। तदोपरान्त Computer Skill test के लिए सूची प्रकाशित किया जायेगा।
19. आवेदन शुल्क प्रत्येक अभ्यर्थियों एवं प्रत्येक पद के लिए 500/- (पाँच सौ) रू० मात्र का राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट परियोजना निदेशक, आत्मा, हजारीबाग / Pariyojana Nideshak, ATMA, Hazaribag, के नाम से Payable at Hazaribag होगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन शुल्क की राशि वापस नहीं की जायेगी।
20. उक्त दोनों पदों हेतु नियोक्ता पदाधिकारी परियोजना निदेशक, आत्मा, हजारीबाग होंगे। अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न विधाओं में Weightage के अनुसार होगा तथा अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर दक्षता एवं प्रमाण पत्रों की जाँच गठित चयन समिति के सदस्यों द्वारा किया जायेगा।
21. अंतिम मेधा सूची / Result के प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर यदि चयनित अभ्यर्थी योगदान नहीं देते हैं तो उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो जाएगी। Result का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र, https://atmahazaribag.org के माध्यम से की जायेगी।
22. प्रत्येक पद के लिए प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी तथा उक्त सूची से ही रिक्त पदों को प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों से भरा जाएगा। प्रतीक्षा सूची प्रकाशन की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
23. चयनित अभ्यर्थी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा / परियोजना निदेशक, आत्मा, हजारीबाग एवं उच्चाधिकरियों से प्राप्त निदेशों का अनुपालन समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे।
24. अभ्यर्थी आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी हेतु विवरणी www.atmahazaribag.org से डाउनलोड कर सकेंगे।
25. भरा हुआ आवेदन पत्र परियोजना निदेशक आत्मा, हजारीबाग, **शंकरपुर कृषि प्रक्षेत्र, बड़कागाँव रोड, हजारीबाग – 825301** के कार्यालय पते पर दिनांक 25.08.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि एवं अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
26. उक्त विज्ञापन में प्रकाशित पदों की संख्या एवं किसी भी कंडिका को परिवर्तित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
27. चयन प्रक्रिया के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा। प्रमाण पत्रों के सत्यापन पर होने वाले व्यय का वहन अभ्यर्थी द्वारा ही किया जायेगा। सत्यापन के क्रम में गलत या फर्जी पाये जाने पर विधि सम्मत कारर्वाई की जायेगी।
28. सत्यापन अवधि तक अभ्यर्थियों का मूल प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा रहेगा। सत्यापन के बाद ही मूल प्रमाण पत्र वापस किया जायेगा।
29. उपरोक्त नियुक्ति नियमावली में किसी भी तरह का बदलाव हेतु अधोहस्ताक्षरी स्वतंत्र हैं, इसपर किसी भी तरह का दावा मान्य नहीं होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, हजारीबाग।